हरिभूमि
# जांजगीर-चांपा भूमि
बिलासपुर, गुरूवार, 10 जुलाई 2025
अकलतरा | बलौदा | नवागढ़ | पामगढ़ | मालखरौदा | जैजैपुर | डभरा | सक्ती

तापमान
अधिकतम 29.0 डिग्री
न्यूनतम 26. 0 डिग्री

व्यापारिक सफलता तभी पूर्ण मानी जाएगी जब वह सामाजिक उत्तरदायित्व के साथ जुड़ी होः सुल्तानिया

4



## खबर संक्षेप

### जिला पंचायत में सामान्य सभा की बैठक कल

**जांजगीर-चांपा।** जिला पंचायत के सामान्य सभा की बैठक 11 जुलाई को समय दोपहर 1 बजे से जिला पंचायत के सभाकक्ष में आयोजित की गई है। बैठक में विभिन्न एजेण्डा पर चर्चा की जाएगी। जिला पंचायत सीईओ गोकुल रावटे ने सभी संबंधित अधिकारियों को अद्यतन जानकारी के साथ बैठक में उपस्थित होने कहा है।

### पुलिस अधीक्षक ने मालखरौदा बाराद्वार थाना प्रभारी की अदला बदली

**माललखरौदा।** जिले के पुलिस अधीक्षक अंकिता शर्मा ने मालखरौदा थाने में पदस्थ थाना प्रभारी शतरूपा तारम उप पुलिस अधीक्षक का स्थानांतरण बाराद्वार थाना किया है, जबकि बाराद्वार में पदस्थ थाना प्रभारी लखनलाल पटेल को मालखरौदा थाना का प्रभारी नियुक्त किया है। उक्त आदेश 9 जुलाई को जारी किया गया है।

### शाला प्रवेश-उत्सव में पुलिस अधीक्षक हुए शामिल

**जांजगीर-चांपा।** जिला मुख्यालय जांजगीर के शासकीय पूर्व माध्यमिक कन्या शाला जांजगीर में शाला प्रवेशोत्सव प्रतिभा सम्मान एवं पौधारोपण का कार्यक्रम का आयोजन रखा गया था, जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में पुलिस अधीक्षक विजय कुमार पाण्डेय एवं विशिष्ट अतिथि नगर पुलिस अधीक्षक कार्यक्रम में शामिल हुए। शाला प्रवेशोत्सव कार्यक्रम के दौरान पुलिस अधीक्षक ने उपस्थित छात्राओं को लगन एवं मेहनत से पढ़ाई कर जीवन में लक्ष्यों को हासिल करने के लिए उत्साहित किया गया। इसी प्रकार नगर पुलिस अधीक्षक जांजगीर कविता राजपूत ने उपस्थित छात्राओं शिक्षिकाओं को सुरक्षा संबंधी गाईड लाईन देते हुए गुड-टच बेड टच, बाल विवाह के संबंध में आवश्यक जानकारी दी गई।

### बैंक खाता आधार से लिंक होना अनिवार्य

**जांजगीर-चांपा।** जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा समस्त पालकगण, विद्यार्थियों, शासकीय एवं अशासकीय तथा अनुदान प्राप्त शिक्षण संस्थानों को सूचित किया जाता है कि अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति एवं अन्य पिछड़ा वर्ग के विद्यार्थियों हेतु संचालित राज्य छात्रवृत्ति योजना के अंतर्गत आधार लिंक की अनिवार्यताः के संबंध में शासन द्वारा योजनावार निर्देश जारी किए गए हैं। शासन के निर्देशानुसार सत्र 2025-26 से राज्य छात्रवृत्ति योजनाओं में लाभ प्राप्त करने के लिए ई-केवाईसी अनिवार्य किया गया है। इसके तहत सभी पात्र विद्यार्थियों के बैंक खातों को उनके आधार से लिंक कर आधार आधारित ई-केवाईसी सुनिश्चित करना आवश्यक है। जिला शिक्षा अधिकारी ने कहा है कि समस्त शिक्षण संस्थान यह सुनिश्चित करें कि छात्रवृत्ति के सभी पात्र विद्यार्थियों का आधार उनके बैंक खातों से लिंक हो।

### अवैध कच्ची महुआ शराब के साथ आरोपी गिरफ्तार

**मल्दा - बिर्रा।** पुलिस ने दबिश देकर एक व्यक्ति कि कब्जे से 7 लीटर कच्ची महुआ शराब को जब्त किया है। आरोपी के खिलाफ आबकारी अधिनियम के तहत कार्रवाई की गई है। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार नशा मुक्ति अभियान के तहत वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा दिशा निर्देश दिये जाने पर बुधवार 9 जुलाई को अवैध शराब रखने की सूचना मिलने पर ग्राम मलदा में आरोपी टीकाराम खुंटे पिता होरीलाल खुंटे उम्र 48 साल के कब्जे से 7 लीटर कच्ची महुआ शराब को जप्त किया गया। आरोपी को गिरफ्तार कर धारा 34 (2) आबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है। उक्त कार्यवाही निरीक्षक नरेंद्र यादव थाना प्रभारी हसौद के नेतृत्व में प्रधान आरक्षक परमानंद घृतलहरे आरक्षक कमलेश धारिया आदि का योगदान रहा।

# युक्तियुक्तकरण में लापरवाही की हद, जहां पद नहीं वहां पोस्टिंग फिर डीईओ आफिस में किया अटैच

## सक्ती जिले में शिक्षा विभाग का एक और कारनामा

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

नवगठित जिला सक्ती में शिक्षा विभाग का एक और कारनामा सामने आया है। यहां शासन के तमाम निर्देशों को दरकिनार करके कुछ शिक्षकों को जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय में संलग्न किया गया है। बताया जाता है कि युक्तियुक्तकरण के दौरान हुई लापरवाही के चलते इस तरह की स्थिति निर्मित हुई है। इसको लेकर विभाग के साथ साथ प्रशासन की भी किरकिरी होने लगी है।

गौरतलब है कि शासन द्वारा पिछले दिनों निर्धारित दूरी और दर्ज संख्या के आधार पर कई स्कूलों को नजदीकी शालाओं में मर्ज किया गया। इस दौरान थोक में अतिशेष शिक्षकों को सभी शालाओं में समायोजित करने युक्तियुक्तकरण की प्रक्रिया अपनाई गई। इसको लेकर जिला स्तर पर काउंसिलिंग किया गया, फिर अतिशेष शिक्षकों की संभाग स्तर पर काउंसिलिंग हुई। खास बात यह है कि युक्तियुक्तकरण की प्रक्रिया के दौरान काउंसिलिंग के पहले शासन द्वारा शिक्षा विभाग से सभी स्कूलों में रिक्त पदों व पदस्थ शिक्षकों की संख्या की पूरी जानकारी मंगाई गई थी। इसके बाद युक्तियुक्तकरण और काउंसिलिंग की प्रक्रिया समपन्न कराई गई। बताया जाता है कि इस दौरान सक्ती जिले में कुछ शिक्षकों को जहां पदस्थ किया गया। उक्त शाला में उनका पद रिक्त नहीं था। इस क्रम में रसायन शास्त्र के व्याख्याता को संयुक्त संचालक ने शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पिहरीद में पदस्थापना आदेश जारी किया गया। संयुक्त संचालक से पदस्थापना आदेश लेने के बाद उक्त व्याख्याता कार्यभार ग्रहण करने उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पिहरीद पहुंचे, परंतु वहां रसायन शास्त्र का पद रिक्त नहीं था। जिसके कारण उन्हें ज्वाईनिंग नहीं मिली। इस दौरान जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय में उन्हें संलग्न कर दिया गया। बताया जाता है कि इसी प्रकार बाराद्वार के एक व्याख्याता को भी जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय में संलग्न करके रखा गया है। विभागीय सूत्रों की माने तो इस तरह की गड़बड़ी शाला से ब्लाक स्तर पर और ब्लाक से जिला स्तर पर जानकारी भेजने के दौरान हुई है। इसके अलावा दर्ज संख्या में भी ऊपर नीचे करके अपने लोगों को अतिशेष सूची से बचाने का काम भी हुआ है। उल्लेखनीय है कि युक्तियुक्तरण के तहत अतिशेष शिक्षकों को जहां शाला से हटाकर अन्य शालाओं में भेजने के आदेश दिए गए थे। इसी के साथ दफ्तरों में जमे शिक्षकों का संलग्नीकरण समाप्त करके उन्हें मूल शाला में भेजने का सख्त आदेश शासन से मिला है। बावजूद इसके सक्ती जिले में स्कूल में पढ़ाने वाले व्याख्याता जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय में ड्यूटी कर रहे है।



### लिपिकीय त्रुटि

संभाग स्तर पर हुई काउंसिलिंग में लिपिकीय त्रुटि हुई है। संबंधित शाला में पद रिक्त नहीं होने के कारण उनकी ज्वाईनिंग नहीं हो सकी। उन्होंने जिला शिक्षा अधिकारी में कार्यभार ग्रहण कर लियाा था, इसलिए कार्यालय में काम ले रहे है। अटैचमेंट नहीं है। अतिशीघ्र उन्हें रिक्त पद वाले शाला में भेजा जाएगा।

- विश्वास कुमार
डिप्टी कलेक्टर व डीईओ

## अमरताल धान संग्रहण केंद्र मे सरकारी धान की दुर्गति

# जगह-जगह से फट रहा घटिया कैप कव्हर बारिश में भीग रहा अरबों का धान

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा



बारिश के चलते भींगा धान।

जांजगीर अकलतरा। शासन द्वारा समर्थन मूल्य पर की गई धान की किस तरह दुर्गति हो रही है, इसका हाल देखना है, तो अमर लाल संग्रहण केंद्र में देखा जा सकता है। यहां दोनों संग्रहण केदो में ढाई लाख क्विंटल से अधिक धन रखा हुआ है, लेकिन घटिया कैप कवर के जगह-जगह से फटने से अरबो का धान बारिश में भीग रहा है। यही नहीं नीचे से भी फड में पानी जमा हो रहा है, जिससे धान की बर्बादी हो रही है। गौरतलब है कि राज्य शासन द्वारा बीते खरीफ वर्ष 2024 - 25 में समर्थन मूल्य पर की गई धान का पूरा उठाओ मिलरों द्वारा नहीं करवा पाने की स्थिति में संग्रहण केंद्र में धान रखा गया है। इस धान को सुरक्षित रखने के लिए कैप कवर, भूसा आदि के नाम पर लाखों रुपए खर्च भी किए गए हैं, तब जिम्मेदार विपणन संघ के अफसरों ने समुचित व्यवस्था किए जाने का दावा करते हुए सीसी कैमरे से 24 घंटे निगरानी की बात भी कही थी, लेकिन तमाम दावे बरसात के पानी में धुलने लगे हैं। जिले के अकलतरा क्षेत्र के अमरताल मे दो संग्रहण केंद्र है, इनमें से एक केंद्र में वर्तमान में ढाई लाख क्विंटल धान रखा हुआ है, जबकि दूसरे में 14000 क्विंटल धान है। वर्तमान में यहां रखे सरकारी धान की दुर्गति हो रही है, यहां तमाम कोशिशो के बावजूद धान बारिश में भीग रहा है, बताया जाता है कि यहां लगाया गया कैप कवर इतना स्तरहीन है जो बरसात और हवा के झोंकों के साथ जगह-जगह से फटने लगा है, यही नहीं यहां नीचे से भी पानी घुसने लगा है, जिससे सरकारी धान को भारी नुकसान हो रहा है।विभागीय सूत्रों के मुताबिक जिम्मेदार अमला शासन से मिलने वाली सूखत की राशि में से इसे एडजस्ट करने की बात कहने में लगा है, जबकि मौके पर हो रही सरकारी



धान की दुर्गति को देखकर अंदाजा लगाया जा सकता है कि आने वाले सावन,भादो के महीने में यहां का क्या हाल होगा। कुल मिलाकर समर्थन मूल्य पर किसानों से खरीदा गया अरबो रुपए का धान समुचित व्यवस्था के अभाव में बरसात में भीग कर खराब हो रहा है।

### बना रहे व्यवस्था

बारिश ज्यादा होने के कारण नुकसान हो रहा है। धान में नमी आ रही है बारिश से बचाने व्यवस्था बना रहे हैं। पूरे कैप कव्हर को बदल जाता है। डीओ कट गया है शीघ्र उठाव करा रहे है।

-राहुल अंडष्कर,
जिला विपणन अधिकारी, जांजगीर चांपा

# आबकारी एक्ट की कार्रवाई में लापरवाही तीन विवेचकों के खिलाफ होगी विभागीय जांच

## जिले के पुलिस अधीक्षक ने दिए आदेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

अवैध शराब बिक्री में धरपकड़ की कार्रवाई और विवेचना में लापरवाही बरतने के मामले को गंभीरता से लेते हुए पुलिस कप्तान ने एएसआई समेत 3 विवेचकों के खिलाफ विभागीय जांच के आदेश दिए है। खास बात यह है कि इस मामले में पूर्व में थाना प्रभारी को हटाने की कार्रवाई हुई थी।

इस संबंध में पुलिस अधीक्षक कार्यालय से मिली जानकारी के अनुसार थाना बम्हनीडीह क्षेत्र में शराब के साथ पकड़े तीन युवकों पर कार्रवाई में लापरवाही और मनमानी करने के साथ लेन देन संबंधी बातें उजागर हुई थी। इसकी प्रारंभिक जांच चांपा एसडीओपी द्वारा की गई। उनके द्वारा 13 दी गई जानकारी के अनुसार 13 जून को थाना बम्हनीडीह क्षेत्र में अवैध शराब के विरुद्ध आबकारी एक्ट की कार्यवाही हेतु थाना बम्हनीडीह से सहायक उप निरीक्षक नीलमणि कुसुम, सहायक उप निरीक्षक सुनील टैगोर एवं प्रधान आरक्षक सुनील सिंह हमराह स्टाफ





के रवाना हुए थे। जहां ग्राम पोड़ीशंकर में आरोपी लोकेश साहू एवं राकेश रात्रे द्वारा शराब पीने वालों को साधन उपलब्ध कराते पाये जाने पर दोनों के विरुद्ध आबकारी एक्ट की धारा 36 सी के तहत कार्यवाही की गई है। उक्त कार्यवाही के दौरान सहायक उप निरीक्षक नीलमणि कुसुम द्वारा विधिवत रोजनामचा में रवानगी वापसी की प्रविष्टि नहीं कर लापरवाही बरतने एवं सहायक उप निरीक्षक सुनील टैगोर तथा प्रधान आरक्षक सुनील सिंह द्वारा विवेचना में लापरवाही बरतना प्रमाणित पाया गया। ऐसे में तीनों कर्मचारियों के विरुद्ध संयुक्त विभागीय जांच आदेशित की गई है। उल्लेखनीय है कि इसके पूर्व भी जिले के पुलिस कप्तान विजय पाण्डेय के द्वारा विभिन्न मामलों में लापरवाही बरतने के कारणों को लेकर जांजगीर चांपा जिले के कुछ पुलिसकर्मियों पर निलंबन की कार्रवाई की गई है। वहीं अब अवैध शराब बिक्री और कार्रवाई के दौरान इस तरह की शिकायत मिलने के बाद पुलिस कप्तान द्वारा 3 विवेचकों के खिलाफ विभागीय जांच की कार्रवाई की गई।

### रुपए की मांग करने के मामले में प्रधान आरक्षक निलंबित

**सक्ती।** नाबालिग लड़के को अवैध शराब कार्यवाही के मामले में छोड़ने के बदले में रुपए की मांग करने वाले प्रधान आरक्षक को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। मामला बाराद्वार थाने का है। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार बाराद्वार थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत हरदी में अवैध रूप से शराब की कार्यवाही में नाबालिक लड़के को रुपए देने के दौरान छोड़ने की लिखित शिकायत मिली थी। जिस पर सक्ती जिले के पुलिस कप्तान अंकिता शर्मा ने बाराद्वार थाने में पदस्थ प्रधान आरक्षक क्रमांक 299 मनीष राजपूत को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। निलंबन के दौरान उन्हें जीवन निर्वाह की पात्रता रहेगी।

### राशन घोटाला करने वाले चार गिरफ्तार

**रायगढ़।** पुसौर विकासखण्ड के कांदागढ़ स्थित शासकीय उचित मूल्य दुकान में वर्ष 2018 में राशन वितरण में भारी अनियमितता का मामला सामने आया था। मामले में शिकायत मिलने पर पुसौर थाना में चार आरोपियों के खिलाफ अपराध दर्ज कर पुलिस ने उन्हें गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेज दिया है। रिपोर्टकर्ता अंजनी कुमार राव, सहायक खाद्य अधिकारी पुसौर द्वारा थाना पुसौर में रिपोर्ट दर्ज कराई गई। रिपोर्ट में उल्लेख किया गया कि कांदागढ़ के शासकीय उचित मूल्य दुकान में सचिव कृषचंद कर्ष, सरपंच श्रीमती सोमति सिदार, सहयोगी गौरहरि निषाद, प्रशांत सेठ और टिकेश्वर सेठ द्वारा माह जून, जुलाई व अगस्त 2018 में शासन से प्रदाय किए गए खाद्यान्नों चावल, शक्कर, नमक और केरोसिन का वितरण नहीं कर अफरा-तफरी करते शासकीय अमानत में खयानत की गई है।

## स्कूल में भरा बरसाती पानी, बच्चों में बढ़ा संक्रमण का खतरा

हरिभूमि न्यूज ⏭ राहौद

शिक्षा विभाग भले ही स्कूलों में गुणवत्तायुक्त शिक्षा व मूलभूत सुविधाओं को लेकर बड़ी बड़ी दावे करते हैं , लेकिन राहौद के उन्नयित शासकीय प्राथमिक शाला अनुसूचित जाति पारा के स्कूली बच्चों को बरसात के किचड़ युक्त पानी के बीच अध्ययन करना मजबूरी से कम नहीं है। मूसलाधार बारिश होने से बदबूदार पानी प्राथमिक शाला परिसर में भरा हुआ है।

शिक्षा विभाग के जिम्मेदार अधिकारी अपने मुख्यालय में मस्त हैं। स्कूल के बच्चे मानसिक और शारीरिक रूप से परेशान नजर आ रहे हैं। ऐसे में अध्यनरत बच्चों का पढ़ाई-लिखाई में रुचि नहीं लेना स्वाभाविक बात है। प्रतिदिन बच्चों को इस बदबूदार गंदे पानी से गुजरना पड़ रहा है। गंदगी युक्त पानी की निकासी नहीं होने से स्कूल के संक्रामक बिमारी के चपेट में आ सकते है।



स्कूल परिसर में भरा बरसाती पानी।

## करही की प्राथमिक शाला समय से पहले मिली बंद, प्रधान पाठक को कारण बताओ नोटिस

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिर्रा

विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी कार्यालय जैजैपुर द्वारा शासकीय प्राथमिक शाला करही के प्रधान पाठक को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है।

उक्त कार्यवाही सहायक विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी एवं बी.आर.सी.धरणीधर चंद्रा जैजैपुर के आकस्मिक निरीक्षण के दौरान विद्यालय के बंद पाए जाने पर की गई। जानकारी के अनुसार 8 जुलाई दिन मंगलवार को दोपहर 3 बजे निरीक्षण किया गया। जिसमें उक्त शाला पूर्णतः बंद मिलीं। इसे घोर लापरवाही, उदासीनता और अनुशासनहीनता मानते हुए शिक्षा विभाग के अधिकारियों ने इसे छत्तीसगढ़ शिक्षा अधिनियम 1965 की धारा का उल्लंघन बताया है। प्रधान पाठक रमेश कुमार शुक्ला को निर्देश दिया गया है कि वे नोटिस प्राप्ति के 2 दिवस के भीतर अपने स्तर से स्पष्टीकरण प्रस्तुत करें। यदि संतोषजनक जवाब नहीं मिला तो अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी, जिसके लिए संबंधित प्रधान पाठक स्वयं जिम्मेदार होंगे। इसके साथ ही एक अन्य स्कूल भी बंद मिला था जिसके प्रधान पाठक को कारण बताओं नोटिस भी जारी किया गया है। जैजैपुर विकासखंड मुख्यालय के दुरस्थ गांव के स्कूल में इस तरह से प्रधान पाठक एवं शिक्षको का हौसला बुलन्द है कि समय से न तो स्कूल जाते है और न ही समय पे बंद करते है। उनका ड्यूटी नाम मात्र ही होता है। इससे शिक्षा का स्तर कितना बेहतर होगा । इसका सहज ही अंदाजा लगाया जा सकता है।

### की जाएगी कार्रवाई

मौके पर निरीक्षण करने के दौरान 3 बजे विद्यालय बन्द पाया गया। दोनो विद्यालय को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। अगर दो दिवस के अंदर जवाब नही देने पर प्रतिबंधित कार्यवाही की जाएगी।

-धरणीधर चंद्रा,
खंड समन्वयक विकासखंड जैजैपुर

## लोगों को जागरूक करने जिला पुलिस की अभिनव पहल

# आपरेशन उपहार : 50 वाहन चालकों को निःशुल्क बांटे हेलमेट

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा



चालक को हेलमेट पहनाते पुलिस अधीक्षक विजय पाण्डेय।

बढती सडक दुर्घटनाओं पर रोक लगाने के साथ यातायात नियमों के परिपालन और हेलमेट के प्रति जागरूक करने जिला पुलिस द्वारा अभिनव पहल आपरेशन उपहार की शुरूआत की गई है। इस आपरेशन की शुरूआत करते हुए पुटपुरा चौक में 50 वाहन चालकों को पुलिस अधीक्षक द्वारा निःशुल्क हेलमेट प्रदान किया गया।

जांजगीर-चांपा पुलिस द्वारा सड़क दुर्घटनाओं को दृष्टिगत रखते हुए, उचित बचाव के लिए पुलिस अधीक्षक विजय कुमार पाण्डेय के निर्देशन में जिले में विभिन्न जन जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इसी क्रम में पुलिस अधीक्षक द्वारा जिले में आपरेशन उपहार का शुभारंभ किया किया है, जिसके तहत अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक यातायात उदयन बेहार के नेतृत्व में यातायात पुलिस द्वारा निःशुल्क हेलमेट वितरण और यातायात जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस मौके पर पुटपुरा चौक जांजगीर में 50 वाहन चालकों को पुलिस अधीक्षक श्री पाण्डेय द्वारा निःशुल्क हेलमेट प्रदान किया गया। इस मौके पर वाहन चालकों को यातायात नियमों के परिपालन को लेकर आवश्यक जानकारी देते हुए हेलमेट की उपयोगिता बताई गई।

### आपरेशन हेलमेट के उद्देश्य

अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक यातायात उदयन बेहार ने लोगों को यातायात नियमों का पालन करने की समझाइश दी। उन्होंने मोटर सायकल चलाते समय हेलमेट पहनने, चार पहिया वाहन चलाते समय सीट बेल्ट लगाने, नो पार्किंग में वाहन न खड़ा करने, और नशे में वाहन न चलाने की आवश्यकता को रेखांकित किया गया। वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का उपयोग न करने और नाबालिग बच्चों को वाहन न देने की अपील की गई। जान-माल की सुरक्षा पर बलः यातायात नियमों का पालन न करने से होने वाले जान- माल की हानि पर प्रकाश डालते हुए सुरक्षित वाहन चालन की महत्ता पर जोर दिया। इसके साथ ही वाहन के सभी दस्तावेज दुरुस्त रखें, बिना हेलमेट और बिना सीट बेल्ट के वाहन न चलाएं, नशे की स्थिति में वाहन चलाने से बचें, नो पार्किंग क्षेत्र में वाहन खड़ा करने से परहेज करें। उक्त हेलमेट को भी पुलिस द्वारा मोटर सायकल चालकों को हेलमेट पहनने के लिए जागरूक करते हुए वितरण किया गया।

## निर्माणाधीन मकान का छज्जा गिरने से एक की मौत, दूसरा गंभीर

जांजगीर-चांपा। ग्राम पंचायत बारगांव में निर्माणाधीन मकान का छज्जा गिरने से दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। एक को मृत घोषित कर दिया। जबकि दूसरे की हालत को देखते हुए उसे डॉक्टर ने बिलासपुर रेफर कर दिया। मिली जानकारी के अनुसार मंगलवार की शाम मृतक त्रिदेव गिरी पिता पंचराम गिरी उम्र लगभग 25 वर्ष निवासी बारगांव स्कूलपारा वार्ड नंबर 4 अपने निर्माणाधीन मकान पर 3 दिन पहले छज्जा ढाला था और आज शाम को अपने साथी घायल इंद्र वाणी उर्फ सुनील पिता मोहन वाणी उम्र 42 वर्ष निवासी बारगांव के साथ छज्जा निकालने का काम कर रहे थे इसी दौरान छज्जा अचानक गिरने से त्रिदेव की मौत हो गई। इस पूरे मामले में पामगढ़ पुलिस की जांच जारी है।

### पहले ही प्रयास में श्रेया बनीं सीए

**सरसींवा।** पारिवारिक कारणों के चलते दो बार कठिनाइयों का सामना करते हुए परीक्षा नही देने का फैसला लेने वाली श्रेया अग्रवाल ने पहले प्रयास में ही सीए की परीक्षा क्लियर कर लिया है। श्रेया के परीक्षा क्लियर करने से अग्रवाल समाज मे हर्ष व्याप्त है। जानकारी के अनुसार श्रेया अग्रवाल शुरू से अपने विद्यार्थी जीवन में मेधावी छात्रा रही है। बीच मे पारिवारिक घटना के नाम से दो बार परीक्षा नही दिलाई। लेकिन आखिर में उसने कडी मेहनत के बूते परीक्षा क्लियर कर लिया है। श्रेया ने इसका सारा श्रेय अपने पिताजी गोविंद अग्रवाल एवं माताजी सुनीता अग्रवाल के साथ साथ मामा टेकचंद अग्रवाल को दिया है।



# विजय ने टाइटैनिक से की अर्जुन रेड्डी की तुलना

**मुंबई।** साउथ स्टार विजय देवरकोंडा अपनी आगामी फिल्म किंगडम को लेकर चर्चाओं में बने हुए हैं। इस दौरान विजय ने अपनी सबसे बड़ी हिट फिल्म अर्जुन रेड्डी को लेकर बात की। उन्होंने कहा कि वो नहीं चाहते कि लोग अर्जुन रेड्डी को भूल जाएं। जैसे मैं लियोनार्डो डिकैप्रियो की टाइटैनिक को हमेशा याद रखूंगा, लेकिन, इसका मतलब यह नहीं है कि वह कोई और अच्छा काम नहीं कर सकते या नहीं करेंगे। लेकिन, वह हमेशा इससे जुड़े रहेंगे। इसलिए लोगों का मेरे साथ ऐसा रिश्ता हो सकता है और अर्जुन रेड्डी की वजह से उनका मेरे प्रति लगाव हो सकता है। इसलिए मैंने उस लड़ाई को एक तरफ रख दिया है।

लाइफ Style

# शेफाली

## हॉलीवुड एक्टर ब्रैड पिट की हुईं दीवानी

शेफाली शाह ने इंस्टाग्राम पर सोमवार रात एक पोस्ट साझा की, जिसमें वह हॉलीवुड एक्टर के अभिनय को जमकर सराहा रही हैं। साथ ही लोगों से एक गुजारिश भी कर रही हैं। आखिर क्यों इस कदर शेफाली शाह पर ब्रैड पिट का खुमार छाया हुआ?

एजेंसी ▶▶ मुंबई

हाल ही में हॉलीवुड एक्टर ब्रैड पिट की फिल्म 'एफ1' रिलीज हुई। यह फिल्म भारत में भी कमाल का कलेक्शन कर रही है। फिल्म की कहानी फॉर्मूला वन रेसिंग के ईद-गिर्द घूमती है। इस फिल्म और ब्रैड पिट की तारीफ शेफाली शाह कर रही हैं। वह अपनी पोस्ट में लिखती हैं, 'अगर आपने फिल्म एफ1 नहीं देखी है, तो अभी जाइए। आपको स्पोर्ट्स में इंट्रेस्ट हो या न हो। चाहे आपको रेसिंग के बारे में कुछ पता हो या न हो, चाहे आपको रेसिंग कारों में दिलचस्पी हो या न हो, बस इसे देखने जाइए। शेफाली शाह आगे अपनी इंस्टाग्राम पोस्ट में लिखती हैं, 'यह फिल्म रेसिंग के बारे में है। लेकिन, यह सफलता और असफलता के बारे में हैं। दोस्ती, जुनून और टीम बॉन्डिंग के बारे में है। फिल्म और इसकी कहानी के बारे में शेफाली तारीफों के पुल बांधती हैं। आखिर में वह लिखती हैं, 'ओह, मैंने ब्रैड पिट बारे में जिक्र नहीं किया? किया भी नहीं जा सकता है, क्योंकि कहने को तो मेरे पास शब्द ही नहीं हैं। ब्रैड पिट की फिल्म 'एफ1' के भारतीय बॉक्स ऑफिस कलेक्शन की बात करें तो इसने अब तक 53.20 करोड़ रुपए का कलेक्शन कर लिया। इस फिल्म को भारतीय सिनेमाघरों में 11 दिन हो चुके हैं।



## हॉलीवुड मसाला




# सुपरमैन 11 को होगी रिलीज

**लॉस एंजिल्स।** जेम्स गन के डायरेक्शन में बनी डीसी सिनेमैटिक यूनिवर्स की रीबूट 'सुपरमैन' फिल्म इस शुक्रवार, 11 जुलाई को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। इस बीच अमेरिका में फिल्म की स्पेशल स्क्रीनिंग हुई। इसमें कुछ पत्रकार भी शामिल थे। हालांकि, मेकर्स ने फिल्म के रिव्यूज पर रिलीज तक रोक लगा रखी थी, लेकिन अमेरिकी वेबसाइट 'द डेली बीस्ट' ने इस पाबंदी को अनसुना कर 'सुपरमैन' का फर्स्ट रिव्यू शेयर कर दिया। मजेदार बात ये है कि समय रहते मेकर्स ने इसे वेबसाइट से हटवा दिया है।



# डकोटा को क्रिस के साथ लाने के लिए मां कर रही हैं प्रयास

**लॉस एंजिल्स।** डकोटा जॉनसन और क्रिस मार्टिन का अफेयर चर्चा में रहा है। लेकिन, बीते दिन आई इनके ब्रेकअप की खबर ने सबको चौंका दिया है। बताया गया कि कथित तौर पर करीब आठ साल साथ रहने के बाद दोनों ने अपने रिश्ते को खत्म कर दिया है। जबकि पहले की रिपोर्टों में ऐसा दावा किया गया था कि ये फैसला दोनों ने आपसी रजामंदी से लिया है। लेकिन, नई जानकारी के मुताबिक, दोनों के लिए ये ब्रेकअप मुश्किलभरा रहा है। अब डकोटा की मां ने इनके रिलेशनशिप पर रिएक्ट किया है। दरअसल, डकोटा जॉनसन की मां मेलानी ग्रिफिथ इनके ब्रेकअप को मानने के लिए तैयार ही नहीं हैं। उन्हें अभी भी लगता है कि इनका रिश्ता ठीक हो सकता है। 'मेलानी अपनी बेटी डकोटा के क्रिस के साथ इस बिखरे रिश्ते को सही करने की कोशिश कर रही हैं।



# बदनाम होकर भी नाम कमाने का गुमान

**मुंबई।** 'इंडियाज गॉट लेटेंट' शो पर पूरे देश में बवाल मचा था। समय रैना और उस विवादित एपिसोड में आए सभी गेस्ट रणवीर अल्लाहबादिया, अपूर्वा मखीजा और आशीष चंचलानी को आलोचना का सामना करना पड़ा था। लेकिन, अपूर्वा का कहना है कि वो आभारी और खुश हैं कि ये विवाद हुआ। 'बदनाम हुए तो क्या नाम ना होगा...' ये कहावत अपूर्वा पर खूब फब रही है। खुद उनका भी कुछ यही कहना है। कुछ महीने पहले कॉमेडियन समय रैना के यूट्यूब शो 'इंडियाज गॉट लेटेंट' को लेकर जमकर विवाद हुआ था। इस विवादित एपिसोड में शामिल हुईं अपूर्वा को भी खूब खरी-खोटी सुननी पड़ी थी। अब 'द रिबेल किड' का कहना है कि वो बहुत खुश हैं कि ये विवाद हुआ। हालांकि, उन्होंने ये भी खुलासा किया कि अगर ये किसी और के साथ हुआ होता तो सह नहीं पाता।



# स्टार पत्नियों की कहानी दिखाएंगे मधुर

**मुंबई।** अपनी कहानियों के जरिए फैशन और ग्लैमर इंडस्ट्री के पीछे की कहानी दिखाने वाले निर्माता-निर्देशक मधुर भंडारकर अब एक नई फिल्म लेकर आ रहे हैं। इस फिल्म में बॉलीवुड सेलेब्स की पत्नियों की कहानी को दिखाने की कोशिश करेंगे। उनकी फिल्म 'द वाइव्स'बॉलीवुड की सबसे ग्लैमरस महिलाओं के पीछे छिपी अनकही सच्चाई को उजागर करेगी। फिल्म मंगलवार से फ्लोर पर आ गई है। 'द वाइव्स' में सोनाली कुलकर्णी, मौनी रॉय, रेजिना कैसंड्रा, राहुल भट्ट, सौरभ सचदेवा, अर्जन बाजवा और फ्रेडी दारूवाला जैसे कलाकार मुख्य भूमिकाओं में नजर आएंगे। फिल्म की मंगलवार से शूटिंग शुरू हो गई है। इस फिल्म को लेकर मधुर भंडारकर का कहना है कि 'द वाइव्स' के साथ मैं समाज की एक और ग्लैमरस परत को हटाना चाहता हूं।

## टीवी मसाला




# 25 साल बाद सीरियल की वापसी कड़ी सुरक्षा के बीच शुरू हुई शूटिंग

**नई दिल्ली।** एकता कपूर प्रोड्यूस सीरियल 'क्योंकि सास भी कभी बहू थी' का सीजन भी जल्द टीवी पर टेलीकास्ट होगा। नए सीजन में भी दर्शकों को स्मृति ईरानी और अमर उपाध्याय, तुलसी और मिहिर के किरदार में नजर आएंगे। हाल ही सीरियल में अपनी वापसी के बारे में स्मृति ईरानी ने भी ऑफिशियल स्टेटमेंट दिया है। इन दिनों सीरियल 'क्योंकि सास भी कभी बहू थी' की शूटिंग चल रही है। मगर, इस शूटिंग को पूरी तरह से सीक्रेट रखा जा रहा है। सेट पर मोबाइल फोन लाने की इजाजत नहीं है। बताया जा रहा है कि सभी एक्टर्स के फोन पर टेप चिपका दिए गए हैं, जिससे कोई जानकारी बाहर न जा सके। सेट पर काम करने वाले सभी लोगों से गोपनीयता का समझौता साइन करवाया गया है। स्मृति ईरानी को जेड-प्लस की सुरक्षा दी गई। नए सीजन की कहानी का जहां तक सवाल है तो इस बार फैमिली इमोशन के साथ सोशल, पॉलिटिकल मुद्दों को भी सीरियल में जोड़ा जाएगा। इस बार सीरियल के महज 150 एपिसोड ही दर्शकों को देखने को मिलेंगे। बताते चलें कि 25 साल पहले 'क्योंकि सास भी कभी बहू थी' ने लगभग 1000 से अधिक एपिसोड पूरे किए थे। नया सीजन मिड जुलाई में टेलीकास्ट होगा।

## राम गोपाल बजाज बने मंजू देवी के पिता

**नई दिल्ली।** 'पंचायत' देश की सबसे हिट और पॉपुलर वेब सीरीज रही है, जिसके हर किरदार को दर्शकों ने बेशुमार प्यार दिया है। हाल ही इसका चौथा सीजन आया, जिसकी खूब चर्चा रही। हालांकि, इस पर दर्शकों का



उतना प्यार नहीं बरसा, जितना पिछले तीन सीजन पर बरसा, पर एक नए किरदार ने सबका दिल जीत लिया। ये किरदार न होता, तो शायद 'पंचायत सीजन 4' अधूरा रहता। यह किरदार है नाना जी का, जो फुलेरा गांव की प्रधान मंजू देवी के पिता और बृजभूषण दुबे के ससुर हैं। पर जिसने यह किरदार निभाया, उस एक्टर के बारे में जानकर आप हैरान रह जाएंगे। एनएसडी वाले भी इनके पैर छूते हैं और दिवंगत स्टार इरफान से इनका कनेक्शन है। यह किरदार एक्टर राम गोपाल बजाज ने निभाया है, जो मशहूर थिएटर डायरेक्टर हैं। उन्होंने नाना जी के किरदार में अचानक से 'पंचायत 4' में एंट्री मारी और हर सीन लूट ले गए। उनकी पंच लाइन और डायलॉग्स ने भी दिल जीत लिया। सोशल मीडिया पर भी नाना जी की ही चर्चा ज्यादा हुई। 'आशीर्वाद कोई जादू-टोना थोड़ी ना है, जैसी करनी वैसी भरनी।', 'जो जैसा काम करेगा, वैसा फल पाएगा'...ये डायलॉग दर्शकों की जुबां पर चढ़ गए।

# रोमांस, म्यूजिक और इमोशन्स से सजी है सैयारा की कहानी



**मुंबई।** यशराज फिल्म्स और मोहित सूरी की जोड़ी पहली बार साथ आई है और उनकी ये पेशकश 'सैयारा' पहले से ही रोमांटिक फिल्मों के प्रेमियों में जबरदस्त हलचल मचा रही है। ट्रेलर के रिलीज के साथ ही ये फिल्म चर्चा में आ गई है। रोमांस, म्यूजिक और इमोशन्स से भरी इस कहानी ने यंग जनरेशन का दिल जीत लिया है। अहान पांडे और अनीत पड्डा इस फिल्म से अपना डेब्यू करने जा रहे हैं। 'सैयारा' का ट्रेलर जैसे ही सामने आया, सोशल मीडिया पर प्यार की बारिश होने लगी। ट्रेलर में एक युवा कलाकार और उसकी लेखिका के बीच पनपता प्यार दिखाया गया है, जो वक्त के साथ एक भावुक मोड़ लेता है। दोनों डेब्यू कलाकारों की केमिस्ट्री इतनी सच्ची और गहराई लिए हुए है कि दर्शक खुद को रोक नहीं पा रहे। कहानी में जिस तरह से प्रेम, दूरी और दर्द को बुना गया है, उसने लोगों की भावनाओं को झकझोर दिया।

### संगीत बना फिल्म की जान

इस फिल्म का म्यूजिक पहले ही सुर्खियों में है और आलोचकों से लेकर दर्शकों तक सभी इसकी तारीफ कर रहे हैं। सैयारा का टाइटल ट्रैक फ़हीम-अर्सलान की जोड़ी ने कम्पोज किया है और ये श्रोताओं के दिलों में घर कर गया है। जुबिन नौटियाल की आवाज में बर्बाद, विशाल मिश्रा का तुम हो तो, सचेत-परंपरा का हमसफ़र और अरिजीत सिंह व मिथुन की जुगलबंदी में धुन, सभी गाने म्यूजिक चार्ट पर टॉप कर रहे हैं।

# ओटीटी पर इस हफ्ते स्पेशल ऑप्स 2 आप जैसा कोई, मिट्टी समेत 9 नई सीरीज और फिल्में

**मुंबई।** जुलाई के इस नए हफ्ते में जहां सिनेमाघरों में राजकुमार राव एक्शन अवतार में मालिक बनकार आ रहे हैं, वहीं विक्रांत मैसी के साथ शनाया कपूर की डेबयू फिल्म आंखों की गुस्ताखियां भी रिलीज हो रही है। लेकिन, यदि आपका दिल थिएटर जाने का नहीं है, तो ओटीटी पर घर बैठे एक-दो नहीं, बल्कि 9 नई वेब सीरीज और फिल्मों का लुत्फ उठा सकते हैं। इनमें सबसे खास जहां केके मेनन की स्पेशल ऑप्स 2 है, जिसमें वह रॉ अधिकारी हिम्मत सिंह बनकर वापस आ रहे हैं। वहीं, आर माधवन और फातिमा सना शेख की आप जैसा कोई भी रिलीज हो रही है। टोविनो थॉमस की मलयालम एक्शन फिल्म नारिवेट्टा भी हिंदी में आ रही है। वहीं, गांव की सादगी भरी कहानी 'मिट्टी' भी रिलीज हो रही है।



**आप जैसा कोई :** आर माधवन और फातिमा सना शेख की फिल्म आप जैसा कोई लगातार चर्चा में है। अब यह ओटीटी पर इसी हफ्ते 11 जुलाई को रिलीज हो रही है। कहानी एक शर्मीले स्वभाव वाले संस्कृत शिक्षक श्रीरेणु त्रिपाठी की है, जिसकी राहें एक फ्रेंच की टीचर मधु बोस से टकराती हैं। दोनों एक-दूसरे से बिल्कुल उलट हैं। लेकिन, यहां अपोजिट अट्रैक्ट वाला फॉर्मूला काम करता है। दोनों के बीच प्यार पनपता है। पुरातन सोच, उम्र का बंधन, संस्कृतियों की दीवारें टूटती हैं।

**स्पेशल ऑप्स सीजन 2 :** केके मेनन तीसरी बार फिर से रॉ एजेंट हिम्मत सिंह बनकर ओटीटी की दुनिया में धूम मचाने आ रहे हैं। नीरज पांडे की बेहद पॉपुलर वेब सीरीज स्पेशल ऑप्स सीजन 2 भी इसी हफ्ते रिलीज हो रही है। इससे पहले हम स्पेशल ऑप्स और स्पेशल ऑप्स1.5' में देश की सुरक्षा के लिए खतरनाक मिशन की बानगी देख चुके हैं। इस नए सीजन में दुश्मन नए जमाने का है। कहानी सायबर-आतंकवाद पर है। सीरीज में इस बार फिर से जहां हमें करण टैकर, विनय पाठक, मुजम्मलि इब्राहिम, सैयामी खेर और मेहर विज देखने को मलेंगे, वहीं ताहिर राज भसीन और प्रकाश राज की भी एंट्री हुई है।

**मिट्टीः एक नई पहचान :** मिट्टीः एक नई पहचान एक दिल को छू लेने वाली ग्रामीण भारत की कहानी पर बनी है। सीरीज में इश्वाक सिंह, श्रुति शर्मा, दीक्षा जुनेजा, योगेन्द्र टिकू और अल्का अमीन प्रमुख किरदारों में हैं। यह एक ऐसे संसार की झलक है, जो अपनापन और परंपराओं से भरपूर है, लेकिन अब बदलाव की दहलीज पर है। कहानी के केंद्र में शहर का एक सफल विज्ञापन कार्यकारी राघव है, जिसकी जिंदगी तब बदल जाती है, जब वह उस गांव की ओर लौटता है, जिसे वह कभी अपना घर कहा करता था। अपने दादा को अंतिम विदाई देने के लिए शुरू हुआ राघव का यह सफर, धीरे-धीरे एक ऐसी यात्रा बन जाता है जहां उसे फिर से अपने उद्देश्य, अपने लोगों और उस जगह की तलाश है, जिसे वह कभी पीछे छोड़ चुका था। 'मिट्टी' वेब सीरीज गुरुवार, 10 जुलाई को रिलीज होगी।

## चाइल्ड आर्टिस्ट इंडस्ट्री में कदम रखने वाली नीतू कपूर ने एक से बढ़कर एक फिल्म में किया काम

# आरके स्टूडियो में मुलाकात, जहरीला इंसान के सेट पर प्यार

### कॅरियर के शीर्ष पर नीतू सिंह ने लिया शादी का फैसला

नीतू कपूर ने साल 1980 में ऋषि कपूर से शादी रचाई। अभिनत्री जब कपूर परिवार की बहू बनीं, तो वे अपने कॅरियर के शीर्ष पर थीं। ऋषि कपूर के साथ उनकी लव स्टोरी भी कम फिल्मी नहीं। नीतू कपूर शुरुआत में चिंटूजी को पसंद तक नहीं करती थीं। फिर साथ काम करते-करते बातचीत शुरू हुई तो दोनों अच्छे दोस्त बने। यहां तक कि ऋषि कपूर की रूठी गर्लफ्रेंड को मनाने के लिए नीतू सिंह चिट्ठी लिखने में मदद करती थीं। फिर, एक पल ऐसा आया कि दोनों सितारे एक-दूजे को ही दिल दे बैठे।

### ऋषि कपूर को पसंद नहीं करती थीं नीतू

नीतू कपूर और ऋषि कपूर की पहली मुलाकात आरके स्टूडियो में हुई। फिर फिल्म जहरीला इंसान के सेट पर दोनों करीब आए। एक इंटरव्यू के दौरान नीतू कपूर ने बताया था कि, मैं पहली बार उनसे (ऋषि) आरके स्टूडियो में मिली थी, जहां उनकी फिल्म 'बॉबी' की शूटिंग चल रही थी। लेकिन, हमारी ठीक से जान-पहचान फिल्म जहरीला इंसान के सेट्स पर हुई। मुझे पहली बार उनसे मिलकर बिल्कुल अच्छा नहीं लगा। वो मुझे बात-बात पर टोकते रहे और मुझे लगा कि वो एक बहुत ही रूखे इंसान हैं। लेकिन, फिर आहिस्ता-आहिस्ता दोस्ती हो गई और फिर शादी।

*__मुंबई।__ 'माफ करना जमुना मैंने तुम्हें पगली कहा', अगर आप इंस्टाग्राम की दुनिया से परिचित हैं तो इस डायलॉग पर रील आपकी नजरों से जरूर गुजरी होंगी। सोशल मीडिया पर इस पर धड़ाधड़ रील बन रही हैं। बता दें कि यह डायलॉग साल 1968 में आई फिल्म 'दो कलियां' का है। फिल्म में यह डायलॉग जिस बच्ची ने बोला, आज जमाना उसे अभिनेत्री नीतू कपूर के नाम से जानता है। बतौर चाइल्ड आर्टिस्ट इंडस्ट्री में कदम रखने वाली नीतू कपूर ने एक से बढ़कर एक फिल्म में काम किया है।*



### चिंटू जी ने इस तरह कही दिल की बात

ऋषि कपूर और नीतू कपूर की ऑनस्क्रीन जोड़ी भी सुपरहिट रही। 70 के दशक में इनकी जोड़ी दर्शकों के बीच काफी पसंद की गई। ऋषि कपूर और नीतू सिंह के बीच अच्छी दोस्ती का रिश्ता बन चुका था। एक दिन ऋषि कपूर ने नीतू कपूर से पूछा कि वे इतनी फिल्में क्यों साइन कर रही हैं, क्या उन्हें शादी-वादी नहीं करनी है? इस पर नीतू ने जवाब दिया, 'किससे करूं मैं शादी'? बस इसी पल ऋषि कपूर ने अभिनेत्री को प्रपोज कर दिया और कहा, 'मुझसे'। इस तरह दोनों की शादी हो गई। ऋषि कपूर अब इस दुनिया में नहीं हैं। अप्रैल 2020 में उनका निधन हो गया।

### ऋषि कपूर ने प्यार और शादी पर कही थी ये बात

*एक बार दिवंगत एक्टर ऋषि कपूर ने अपनी और नीतू की पहली मुलाकात का किस्सा याद करते हुए कहा था कि 'हम एक-दूसरे के लिए बने थे। बस, जो कहा वो पूरा हो गया। हमारी मुलाकात बहुत जल्दी हो गई थी। जब मैंने अपने कॅरियर की शुरुआत की थी, तब डिंपल कपाड़िया की शादी हो गई थी, ऐसे में मेरे पास काम करने के लिए कोई हीरोइन नहीं थी। इस तरह मैंने नीतू के साथ बहुत सारा काम किया। कभी-कभी तो एक दिन में दो शिफ्ट्स भी किए। एक-दूसरे के साथ हम ज्यादा समय बिताने लगे, जिसकी वजह से हमारे बीच नजदीकियां भी बढ़ने लगीं और हम प्यार में पड़ गए। हम शादी करना चाहते थे। हमारी बड़ी ही नार्मल लाइफ रही है। दूसरे कपल की तरह हमारे बीच भी झगड़े और बहस होते हैं, पर अंत में सब ठीक हो जाता है। हमारे लिए ये सब बहुत आसान रहा है'।*

## खबर संक्षेप

### गुरूपूर्णिमा पर मां हसदेव आरती 10 को

**कोरबा।** आषाढ़ पूर्णिमा (गुरू पूर्णिमा) के शुभ अवसर पर नमामि हसदेव सेवा समिति द्वारा माँ सर्वमंगला घाट कोरबा पर हसदेव आरती का आयोजन 10 जुलाई को सायं 5 बजे से किया जाएगा। नमामि हसदेव सेवा समिति ने बताया गया कि समिति द्वारा हसदेव नदी, हसदेव की सहायक नदियों और अन्य प्राकृतिक जल स्रोतों के प्रदूषण को कम करने, संरक्षण करने तथा तट के सौन्दर्यीकरण करने का कार्य किया जा रहा है। उक्त उद्देश्य की पूर्ति के लिए प्रत्येक मास की पूर्णिमा को हसदेव आरती माँ सर्वमंगला घाट,कोरबा पर आयोजित करने का निर्णय लिया गया है।

### सिविल सेवा परीक्षा की तैयारी हेतु आवेदन 6 अगस्त तक

**कोरबा।** छत्तीसगढ़ राज्य लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित सिविल सेवा परीक्षा की तैयारी जिला-रायपुर में कराने हेतु निजी कोचिंग संस्थाओं के माध्यम से जिले के पात्र अभ्यर्थियों को निःशुल्क आवासीय प्रशिक्षण, भोजन एवं शिक्षण उपलब्ध कराने के लिए आवेदन पत्र आमंत्रित किया गया है। जिसकी अंतिम तिथि 6 अगस्त तक है। आवेदन पत्र आवश्यक दस्तावेज के साथ सहायक आयुक्त, आदिवासी विकास के नाम से कार्यालय सहायक आयुक्त, आदिवासी विकास आई.टी.आई. रामपुर, कलेक्टोरेट परिसर बिल्डिंग- प्रथम तल में जमा किया जाएगा।

### पीजी पाठ्यक्रमों में दाखिला प्रारंभ

**कोरबा।** अटल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय से संबद्ध सभी कॉलेजों में शैक्षणिक सत्र 2025-26 के लिए स्नातकोत्तर (पोस्ट ग्रेजुएशन) पाठ्यक्रमों में एडमिशन प्रक्रिया शुरू हो गई है। श्विविद्यालय प्रशासन ने प्रवेश की विस्तृत समय-सारणी जारी कर दी है। विद्यार्थी 7 जुलाई से ऑनलाइन पंजीयन कर सकते हैं। जिसकी अंतिम तिथि 16 जुलाई तय की गई है। पंजीयन की प्रक्रिया पूरी होने के बाद 17 जुलाई को विश्वविद्यालय, महाविद्यालयों को छात्रों की सूची ऑनलाइन माध्यम से भेजेगा। उसी दिन कॉलेज स्तर पर मेरिट सूची जारी कर दी जाएगी। मेरिट के आधार पर 22 जुलाई तक छात्रों को अंतिम रूप से प्रवेश मिल सकेगा। विश्वविद्यालय ने साफ निर्देश दिए हैं कि तय तिथि के बाद प्रवेशित छात्रों की सूची कुलपति अनुमोदन के लिए भेजना अनिवार्य होगा। इसके बिना किसी भी छात्र का प्रवेश मान्य नहीं माना जाएगा।

### छग बिजली कर्मचारी संघ महासंघ की बैठक

**कोरबा।** छत्तीसगढ़ बिजली कर्मचारी संघ महासंघ की अधीक्षण अभियंता के साथ पूर्व में आयोजित बैठक के परिपालन में सोमवार को पुनः समीक्षा बैठक आहूत की गई। बैठक में अतिरिक्त सभी जोन/वितरण केन्द्र में सबस्टेशन के जर्जर कंट्रोल रूम के स्थान पर नवीन कंट्रोल रूम बनाने, सुलभ शौचालय बनाने, सभी कार्यालयों की साफ सफाई हेतु सिविल डिस्ट्रीब्यूशन को पत्र भेजने, उत्पादन कंपनी के आवासीय कॉलोनी में निवासरत अधिकारी, कर्मचारी के लंबित बिजली बिल के निराकरण हेतु उत्पादन कंपनी के आवास आबंटन समिति से अतिशीघ्र बैठक करने, सबस्टेशन आपरेटरों की लंबित समस्याओं के समाधान हेतु नियुक्त नोडल अधिकारी से समन्वय स्थापित करने, ठेकेदारों द्वारा किए गए कार्यों के निरीक्षण हेतु जांच टीम गठित कर परीक्षण कराकर बिल पास करने तथा शहर संभाग के अंतर्गत कार्यरत विभागीय डाटा एंट्री ऑपरेटर की वेतन विसंगति के संबंध में सकारात्मक चर्चा उपरांत सहमति व्यक्त की गई।

### पानी के तेज बहाव में बहा 8 वर्षीय बालक, हुई मौत

**कोरबा।** बालको थाना क्षेत्र अंतर्गत पानी में बह जाने से एक मासूम बालक की मृत्यु हो गई, घटना के बाद से परिजनों में शोक की लहर दौड़ गई है,नेहरू नगर निवासी दीपेश साह (उम्र 8 वर्ष) मंगलवार को अपने दोस्त के साथ मछली पकड़ने के बहाने घर से निकला था। दोनों बच्चे नेहरू नगर श्मशान घाट के समीप पानी में नहा रहे थे, तभी अचानक तेज बहाव की चपेट में आ गए। इस दौरान दीपेश का संतुलन बिगड़ गया और वह पानी में बह गया।

# ज्वाइनिंग नहीं करने वाले अतिशेष शिक्षकों का अब कटेगा वेतन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

अलग खबर

युक्तियुक्तकरण से स्कूलों के लिए स्थानांतरित किए गए शिक्षकों पर अब ज्वाईनिंग के लिए कड़ाई बरतने की कवायद चल रही है शासन ने इसके आदेश जारी किए हैं। ज्वाईनिंग नहीं करने वाले शिक्षकों का अब वेतन कटेगा। 17 जून को इन सभी अतिशेष शिक्षकों को ज्वाईनिंग के आदेश दिए गए थे किंतु 20 दिन के बाद भी अधिकांश शिक्षकों ने ज्वाईनिंग नहीं ली है। 11 अप्रैल को होने वाली समीक्षा बैठक में जानकारी आने के बाद इसकी कार्यवाही शुरु हो जाएगी।

शिक्षक विहिन और एकल शिक्षिकीय स्कूल में शासन के युक्तियुक्तकरण के तहत अतिशेष शिक्षकों की पदस्थापना काउंसलिंग के द्वारा जून माह के प्रथम सप्ताह में की गई थी और सभी 537 अतिशेष शिक्षकों को 17 जून तक ज्वाईनिंग के आदेश दिए गए थे। किंतु 105 अतिशेष शिक्षकों ने पदस्थापना के विरुद्ध न्यायालय की शरण और अस्थायी रुप से स्टे ले लिया। इनके समस्याओं के निराकरण के लिए कोर्ट ने याचिकाकर्ता शिक्षकों को जिला स्तरीय समिति के समक्ष उपस्थित होने के निर्देश दिए थे। इस निर्देश पर अलम करते हुए अतिशेष शिक्षक जिला स्तरीय समिति के समक्ष उपस्थित हुए इनमें से कुछ के समस्याओं का निराकरण होने के बाद ज्वाईनिंग कर ली गई है। कुछ ऐसे अतिशेष शिक्षक हैं जो

कोर्ट का हवाला देकर अब तक अपने स्कूलों में ज्वाईनिंग नहीं दी है। ऐसे शिक्षकों के विरुद्ध अब कड़ाई बरतने की कवायद शुरु करते हुए वेतन काटने की कार्यवाही की जाएगी। इसके लिए 11 जुलाई को पांचों विकासखंड के विकासखंड शिक्षा अधिकारियों की समीक्षा बैठक बुलाई गई है जिसमें ज्वाईनिंग देने वाले और नहीं देने वाले शिक्षकों की रिपोर्ट के साथ सभी बीईओ बुलाया गया है और उसके बाद वेतन काटने की कार्यवाही शुरु हो जाएगी।

### 11 को होगी सभी बीईओ की समीक्षा बैठक

**खास बातें**

- 105 अतिशेष शिक्षकों ने पदस्थापना के विरुद्ध ली थी न्यायालय की शरण




### दूरस्थ ग्रामीण क्षेत्रों में नहीं जा रहे शिक्षक

युक्तियुक्तकरण के अंतर्गत भले ही शासन प्रशासन ने दूरस्थ ग्रामीण क्षेत्रों के स्कूलों में शिक्षकों की पदस्थापना की कार्यवाही भले ही की है किंतु ये शिक्षक अभी भी युक्तियुक्तकरण के विपरीत किसी न किसी बहाने से दूरस्थ क्षेत्रों के स्कूलों में ज्वाईनिंग देने से बच रहे हैं। जबकि दूरस्थ क्षेत्र के स्कूलों में लंबे समय से विषय विशेषज्ञ शिक्षकों की कमी बनी हुई है ऐसे स्कूलों में विषय विशेषज्ञ शिक्षक भेजने के लिए युक्तियुक्तकरण की अपनाई गई है उसके बावजूद न्यायालय जाने वाले शिक्षक उनके समस्या का निराकरण नहीं होने का हवाला देकर दोबारा न्यायालय जाने की तैयारी में जुट गए हैं।

## रील व सेल्फी के चक्कर में पर्यटन केन्द्रों में बारिश में लग रही है भीड़

# पर्यटन केन्द्रों में पल पल है खतरा, पाबंदी के बाद भी जान हथेली पर लेकर पहुंच रहे लोग

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिले के प्रमुख पर्यटन केन्द्रों की बात करें तो सतरेंगा, बुका, देवपहरी, केंदईफॉल का नाम सबसे पहले आता है, जहां शरद ऋतु दौरान हर साल इन पर्यटन केन्द्रों में हजारों की तादाद में पर्यटक पहुंचते हैं, लेकिन इन पर्यटन केन्द्रों को बारिश के दौरान 4 महीने के लिए प्रतिबंध रहता है, लेकिन प्रशासन के नियमों को ताक में रखना बारिश में इन स्थानों में जाकर रील बनाना व सेल्फी लेना आदम में शुमार कर दिए हैं, जिसकी वजह से ऐसे स्थलों में जा रहे हैं और अपनी जान को हथेली में ले रहे हैं।

उल्लेखनीय है कि वर्षा ऋतु 15 जून से 15 अक्टूबर तक जिले के प्रमुख पर्यटन केन्द्रों को बारिश के दौरान खतरे को देखते हुए जिला प्रशासन व वन विभाग द्वारा पाबंदी लगा दी जाती है। वन विभाग लगातार ऐसे स्थलों में लोगों से न जाने की अपील भी करता है, लेकिन लोग वन विभाग के आदेश निर्देशों का खुला उल्लंघन करते हैं और बारिश में सैर सपाटा करना फैशन समझते हैं और सैर सपाटे के दौरान सेल्फी व रील बनाने के लिए ही ज्यादातर लोग पर्यटन केन्द्रों में पहुंचते हैं। पिछले कुछ वर्षों के दौरान जिले के प्रमुख पर्यटन केन्द्रों में इस तरह की कई घटनाएं सामने आ चुकी है, लेकिन इसके बाद भी लोग इससे सबक नहीं लेते हैं और फिर से इस तरह की घटना की पुनरावृत्ति करने लगे हैं। नया मामला फिर से दोपहरी में सामने आया है जहां शहर के तीन युवती दो युवक सैर सपाटे के लिए दोपहरी गए थे। जहां सेल्फी लेने के दौरान कुछ देर में ही चोरनई नदी का जलस्तर तेजी से बढ़ गया और पांच लोग नदी के तेज प्रवाह में फंस गए थे। फिर क्या था हमेशा की तरह ग्रामीण ने इसकी सूचना जिला प्रशासन व पुलिस को दी जहां जिला मुख्यालय से नगर सेना की रेस्क्यू टीम मौके पर पहुंची और घंटों मशक्कत के बाद पांच लोगों को सुरक्षित रेस्क्यू कर बाहर निकाला गया। लेकिन इस घटना के बाद भी लोग अपनी हरकतों से बाज नहीं आते और शासन प्रशासन के नियमों को ताक में रखकर बारिश का मजा लेने के लिए फिर से सैर सपाटा करना आ जाते हैं। जब तक वन विभाग पुलिस प्रशासन ऐसे लोगों के खिलाफ सख्ती से कार्यवाई नहीं करेगी तब तक ऐसे लोग अपनी हरकतों से बाज नहीं आएंगे।


फाइल फोटो

### जल स्तर घटने पर किया गया रेस्क्यू

जिला मुख्यालय से लगभग 60 किलोमीटर दूर देवहरी गोविंद झूंझ जहां बारिश में सैर सपाटे के लिए गए तीन युवती व दो युवक नदी का जलस्तर बढ़ जाने की वजह से पांचों लोग टापू में फंस गए थे, जिसके बाद इसकी सूचना जिला मुख्यालय में बैठे पुलिस व प्रशासन के अफसरों को दी गई। जिसके बाद रात लगभग 8 बजे जिला मुख्यालय से नगर सेना की रेस्क्यू टीम मौके पर पहुंची, लेकिन चोरनाई नदी में पानी की रफ्तार इतनी तेज थी की रेस्क्यू टीम ने भी रेस्क्यू ऑपरेशन चलाना उचित नहीं समझा। सूत्र बताते हैं की रात लगभग 10 बजे तक पानी के रफ्तार कम होने का इंतजार किया गया। जैसे ही चोरनाई नदी का जलस्तर कम हुआ जिसके बाद ग्रामीण, नगर सेना, पुलिस की टीम ने टापू में फंसे पांचों लोगों को बाहर निकालने के लिए रेस्क्यू ऑपरेशन चलाया। जहां ग्राम दोपहरी में रहने रखने वाले एक वृद्ध व्यक्ति ने रस्सी को पहले अपने हाथ में बांध लिया और इसके बाद वह रस्सी के सहारे टापू के पास पहुंचा और टापू के पास एक पत्थर पर रस्सी को बांधा गया, जिसके बाद रेस्क्यू टीम के कुछ सदस्य भी वहां पहुंचे और रस्सी के सहारे एक-एक कर पांचो को देर रात लगभग 1.30 बजे रेस्क्यू किया गया। रेस्क्यू किए गए पांचों लोग में प्रगतिनगर निवासी प्रमोद सिंह, पाली रोड दीपका निवासी नागेश तिवारी, एमपी नगर निवासी सिप्प सिंह, मिशन रोड निवासी हर्ष कंवर, प्रगतिनगर दीपका निवासी एकता कंवर को बचाने में नगर सेना की रेस्क्यू टीम लेमरू पुलिस टीम व ग्रामीणों की सराहनीय भूमिका रही।

# भालू ने कोरवा दंपती पर किया जानलेवा हमला

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जंगल में पत्नी के साथ गए पहाड़ी कोरवा का अचानक एक भालू से सामना हो गया। उसके जानलेवा हमले में पति पूरी तरह से घायल हो गया। भालू ने अपने पंजों से उसके कंधे को नोच खसोट डाला। पति खुद संघर्ष कर किसी तरह जान छुड़ाई पर अपनी पत्नी को एक भी खरोंच लगने नहीं दी। पहाड़ी कोरवा को पीएचसी लेमरू में जरूरी उपचार कर जान बचाई गई और फिर मेडिकल कॉलेज जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। तत्कालिक सहायता के तहत इसे 500 रुपए वन विभाग द्वारा प्रदान किए गए हैं। लेमरू स्वास्थ्य केन्द्र की टीम द्वारा त्वरित चिकित्सिकीय सेवा उपलब्ध कराया गया और पहाड़ी कोरवा की जान बचाई जा सकी।

**खास बात**

- लेमरू वन परिक्षेत्र की घटना, अस्पताल में कराया गया भर्ती


पीड़ित के परिजन को सहायता राशि देते वन अधिकारी।

ग्राम पेण्ड्रीडीह में निवासरत रतिराम पिता सुन्दर साय अपनी पत्नी श्रीमती मानकुंवर के साथ सोमवार को जंगल गया हुआ था, तभी अचानक एक भालू ने उसपर हमला कर दिया। हमले से रतिराम के बाएं कंधे पर गहरी चोट लगी है। जिससे रतिराम खून से लथ-पथ हो गया। भालू ने अपने पंजे से बुरी तरह घायल कर दिया। रतिराम की पत्नी भालू के धक्के से दूर जा गिरी। इसके तत्काल बाद वनकर्मी एवं वन रक्षकों के द्वारा गंभीर हालत में घायल एवं चोटिल अवस्था में रतिराम को प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र लेमरू लाया गया। लेमरू अस्पताल में उसका उपचार चल रहा है। इसके बाद मरीज की स्थिति तथा गंभीरता को देखते हुए उसे 112 की मदद से जिला अस्पताल मेडिकल कॉलेज कोरबा रेफर किया गया। इस दौरान पीएचसी लेमरू में एलआर गौतम तथा नर्सिंग स्टॉफ श्रीमती मंजू रानी द्वारा चिकित्सकीय सेवा प्रदान कर मरीज की स्थिति को नियंत्रित कर कोरबा रिफर किया गया।

# वृद्धा की जली हुई मिली लाश तहकीकात में जुटी पुलिस

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

एक 70 वर्षी वृद्ध महिला एसईसीएल के मकान में अकेले निवास करती थी, जिसकी जली हुई अवस्था में लाश उसके घर के पीछे मिली है। लाश मिलने की सूचना पर पुलिस की टीम और फोरेंसिक एक्सपर्ट टीम मौके पर पहुंची, जहां पुलिस ने मामले में वैधानिक कार्रवाई कर मामले की जांच शुरू कर दी है। मृतका के पुत्र के आने के बाद पुलिस द्वारा मामले में पोस्टमार्टम की कार्यवाही की जाएगी और पोस्टमार्टम रिपोर्ट मिलने के बाद ही मौत के वास्तविक कारणों का खुलासा हो पाएगा कि महिला की मौत कैसे और किन परिस्थिति में हुई है।




जानकारी के अनुसार बांकीमोंगरा थाना क्षेत्र अंतर्गत सोमवारी बाजार पानी टंकी के एसईसीएल के मकान नंबर एम/29 में गीताश्री विश्वास उम्र लगभग 70 वर्ष] पति स्व.रविंद्रनाथ विश्वास अकेले निवास करती थी, जबकि उसका पुत्र बिलासपुर में निवास करता था बताया जाता है कि सोमवार को गीताश्री विश्वास को देखा गया था। जिसके बाद मंगलवार की दोपहर जली हुई अवस्था में देखी गई। लाश उसके घर के ठीक पीछे स्थित एसईसीएल के मकान नंबर 32 के ठीक पीछे मिली है। लाश मिलने की सूचना पर बांकीमोंगरा पुलिस व सीन ऑफ क्राईम मोबाइल यूनिट से वैज्ञानिक अधिकारी डॉ.सत्यजीत सिंह, कोसरीया वैज्ञानिक अधिकारी डॉ.जश्री सिंह, प्रधान आरक्षक हेमंत चौहान, आरक्षक राजेश कुमार चंद्रा घटना स्थल पहुंचे, जहां उन्होंने घटनास्थल एवं शव का बारीकी से निरीक्षण किया। मौत के कारणों का स्पष्ट कारण नहीं आने पर घटना स्थल से आवश्यक साक्ष्य एवं प्रदर्श संकलित कर एफएसएल जांच के लिए भेजने एवं पोस्टमॉर्टम कराने निर्देशित किया गया है।

पुलिस का कहना है कि मृतका के पुत्र के आने के बाद ही कार्यवाही की जाएगी। पुलिस ने मामले की बारीकी से जांच शुरू कर दी है। महिला की मौत कैसे और किन परिस्थिति में हुई है या अभी स्पष्ट नहीं हो पाया है। महिला वहां कैसे पहुंची यह अभी स्पष्ट नहीं हो पाया है। पुलिस विभिन्न पहलुओं को लेकर मामले की जांच कर रही है। पुलिस का कहना है कि पीएम रिपोर्ट मिलने के बाद ही मौत के वास्तविक कारणों का खुलासा हो पाएगा।

# कार में स्टंटबाजी करने वाले दो लोगों पर हुई कार्रवाई

**कोरबा।** जिले में इन दिनों रील बनाने की होड़ मची हुई है। रील बनाने के लिए लोग किसी भी हद तक जा सकते हैं। लोग तरह तरह की हरकते कर रहे हैं और वीडियो बनाकर सोशल मीडिया में वायरल कर रहे हैं ताकि उन्हें अच्छा खासा टीआरपी मिल सके। नया मामला फिर से सामने आया है जहां सिविल लाइन थाना क्षेत्र में चलती कार की छत पर बैठे कर युवकों का स्टंट करते हुए वीडियो सामने आया है। निहारिका मुख्य मार्ग पर कुछ युवकों ने कार की खिड़की से बाहर खड़े होकर और छत पर बैठकर रील बनाई और सोशल मीडिया में वायरल किया गया है इस तरह के मामले जिले में सामने आ रहे हैं। पिछले दिनों बालको रोड में एक ऑटो में स्टंटबाजी करते हुए वीडिया वायरल हुआ था। मामले को पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी ने मामले को गंभीरता से लिया और कार चालकों खिलाफ सख्त कार्यवाही करने का फरमान जारी किया, जिसके बाद नगर पुलिस अधीक्षक भूषण एक्का व उनकी टीम ने चंद घंटों के भीतर ही कार में स्टंट बाजी करने वाले कार क्रमांक सीजी 12 बीपी 2583 को धर दबोचा और मामले में एम नगर अटल आवास निवासी सोहन कुमार सारथी 25 वर्ष पिता शिव कुमार सारथी, मैफुज आलम पिता मोहम्मद आलम 28 वर्ष व अंकुश मिंज पिता प्रकाश मिंज 22 वर्ष को धर दबोचा है। पकड़े गए आरोपियों के खिलाफ पुलिस ने धारा 281, 184, 189 एमव्ही एक्ट के तहत कार्यवाही की है।




**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.), जांजगीर, जिला जांजगीर-चांपा (छ.ग.)**

**:: ईश्तहार ::**

क्र. 1973 / अ.वि.अ. / व्यपवर्तन / 2025, जांजगीर, दिनांक 08/7/25

एतद् द्वारा आम जनता जांजगीर को सूचित किया जाता है कि आवेदक प्रमोद कुमार गुप्ता पिता रामशंकर गुप्ता निवासी ग्राम जांजगीर तहसील जांजगीर के द्वारा ग्राम जांजगीर प.ह.नं. 05 तहसील जांजगीर, जिला जांजगीर-चांपा स्थित भूमि ख.नं. 3946/4 रकबा 0.06 एकड़ भूमि को व्यावसायिक प्रयोजन हेतु छ.ग.भू.रा.संहिता 1959 की धारा 59 (2) के तहत पुनर्निर्धारण के लिए बी-1, खसरा एवं विक्रय पत्र की छायाप्रति सहित आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

उक्त भूमि को व्यावसायिक प्रयोजन हेतु परिवर्तित करने में जिस किसी को आपत्ति/दावा हो तो वह अपनी आपत्ति / दावा स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से इस न्यायालय में आगामी सुनवाई दिनांक 22/07/2025 तक आपत्ति/दावा प्रस्तुत कर सकते है। नियत तिथि पश्चात प्राप्त आपत्ति / दावा पर विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 08/07/20025 को मेरे हस्ताक्षर एंव न्यायालय की पद मुद्रा से जारी किया गया।

**अनुविभागीय अधिकारी (रा.)**
**जांजगीर**

**आम सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है की मेरे आसामी खेमराज जायसवाल, सुनील जायसवाल पिता शिव कुमार जायसवाल निवासी चाम्पा ने ग्राम चाम्पा प.ह.नं. 07 तहसील चाम्पा जिला जांजगीर चाम्पा छ.ग. स्थित भूमि खसरा नं. 1788, 1792/1,2,3,4,5, 1794/1, 1795, 1796, 1799/2, 1780/1 रकबा 0.62 एकड़ में से 524 वर्गफूट भूमि पर निर्मित व्यावसिक परिसर के भूतल में स्थित ओम सिटी चाम्पा प्रकोष्ठ क्रमांक G16 एवं G17 को भूमि/दुकान के स्वामी रतनलाल बाधान पिता देवकरण बाधान निवासी छेलीयापाड़ा बागदेही झारसुगड़ा ओरिसा से क्रय करने का पक्का सौदा कर लिया है जिसके विक्रय पत्र का पंजीयन मेरे आसामी के पक्ष में निकट भविष्य में किया जाना प्रस्तावित है।

अत: जिस किसी भी व्यक्ति, शासकीय एवं अर्धशासकीय संस्था, निकाय, बैंक इत्यादि को उक्त वर्णित भूमि के विक्रय के संबंध में किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो या उक्त वर्णित भूमि संपत्ति पर स्वत्व सम्बन्धी कोई दावा हो तो वह अपना आपत्ति/दावा इस सुचना प्रकाशन के 07 दिवस के भीतर मय दस्तावेज स्वयं या अपने वैध प्रतिनिधि के माध्यम से मेरे समक्ष प्रस्तुत कर सकते है नियत समय में किसी प्रकार का कोई आपत्ति/दावा प्राप्त नहीं होने की दशा में उक्त वर्णित सौदाकृत भूमि/दुकान अविवादित मानकर उसके विक्रय पत्र का पंजीयन मेरे आसामी के द्वारा अपने पक्ष में करा लिया जायेगा, बाद में प्राप्त आपत्ति / दावा मान्य नहीं होगा।

सो सुचना जाने दिनांक : 10/07/2025

भवदीय
संतोष कुमार सोनी (अधिवक्ता) चाम्पा
तहसील चाम्पा जिला जांजगीर चाम्पा छ.ग.
मो.नं. 8770600407

**TOP IN JANJGIR**

जिले में 55 बिस्तरों का **राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल**
जांजगीर-चाँपा, शक्ति, कोरबा जिले तथा बिलासपुर संभाग के प्रथम एवं एकमात्र बाल्य गहन चिकित्सा विशेषज्ञ
डॉ. दिलीप जैन
M.B.B.S, D.N.B, I.D.P.C.C.M
शिशु एवं बाल्यरोग विभाग
24/7
- 0-17 वर्ष तक के बच्चों का आयुष्मान भारत योजना तथा अन्य बीमा कम्पनियो के तहत निःशुल्क इलाज की सुविधा।
- बच्चों से सम्बन्धी सभी सामान्य एवं गंभीर बिमारियों का इलाज, एवं उनका ऑपरेशन
- बच्चों के सभी इमरजेंसी सुविधाएँ जैसे :- आकस्मिक दुर्घटना, जहर खुरानी, सर की चोंट, बिच्छू एवं सर्पदंश, हृदयघात, छाती मे भारीपन, गंभीर संक्रमण(इनफेक्शन), साँस का फूलना, डेंगू, झटके आना , नवजात का गन्दा पानी पी लेना, मलेरिया, इत्यादि।
पोस्ट ऑफिस के सामने, अकलतरा रोड, बलौदा, जिला- जांजगीर चाम्पा (छ.ग.) पंजीयन हेतु न. 07817-296002, 8226056005, इमरजेंसी-7999640661

**राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल**
जांजगीर-चाँपा, शक्ति तथा कोरबा जिले के प्रथम एवं एकमात्र यूरोलॉजी (मूत्र एवं किडनी रोग) विशेषज्ञ
जिले के प्रथम एवं एकमात्र यूरोलॉजिस्ट
डॉ. प्रदीप जैन
MBBS, MS, MCh, DrNB
Urology Mumbai
Urologist, Andrologist & Renal Transplant Surgeon
यूरोलॉजी विभाग(मूत्र एवं किडनी रोग)
- किडनी, मूत्रनली एवं पेशाब के थैली में पथरी(PCNL, URSL, SPCL, PCCL, RIRS)
- गुर्दा एवं पेशाब की थैली का कैंसर, प्रोस्टेट का बढ़ जाना(TURP),
- पेशाब का बार बार आना व कन्ट्रोल न होना,
- पेशाब में खून व मवाद आना व जलन होना, पेशाब में रूकावट व जलन,
- महिलाओं में खांसने व छींकने से पेशाब लिक होना,
- किडनी रोग का सम्पूर्ण ईलाज, पेशाब की नली में सिकुड़न व पतली धार होना,
- पुरुष नपुंसकता व बाँझपन, ए.वी.फिस्टुला ऑपरेशन (डायलिसिस हेतु)
- अत्याधुनिक दूरबीन, लेज़र से पथरी व प्रोस्टेट का ऑपरेशन (बिना चिर फाड़ के)
- कैंसर (गुर्दा, प्रोस्टेट, पेशाब की थैली व टेस्टिस के कैंसर का ऑपरेशन,
दूरबीन पद्धति से मूत्ररोग के सभी बिमारियों का ईलाज एवं ऑपरेशन

**राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल**
नेत्र रोग विभाग
डॉ. संजीता जैन
MBBS, MS, FPRS
OPHTHALMOLOGIST
PHACO & LASIK SPECIALIST
नेत्र रोग विशेषज्ञ
- आधुनिक कम्प्यूटरों द्वारा आँखों की जाँच
- बिना इंजेक्शन, बिना टाँके, अत्याधुनिक मोतियाबिंद ऑपरेशन
- मरीज के लिए लेंस प्रत्यारोपण की सुविधा
- आँखों के मांस / जाली का ऑपरेशन
- डायबिटिज मरीजों के रेटिना की जाँच की सुविधा
- नासूर का ऑपरेशन, नकली आँख लगाने की सुविधा
- कांच बिंदु का ईलाज एवं ऑपरेशन
- चश्में की जांच, काले मोतिया की जांच
- आँखों में लालीपन, जलन एवं पुतली के रोगों की जांच

**राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल**
दन्त रोग विभाग
जिले की प्रथम एवं एकमात्र ऑर्थोडॉन्टिस्ट
डॉ. सुमिता जैन
- दाँतों की नसों का ईलाज(Root Canal Treatment- RCT), दर्द रहित दांत निकालना,
- टेढ़े-मेढ़े व बाहर निकले दाँतों एवं जबड़ों का ईलाज(BRACES),
- हड्डी में फिक्स होने वाली बतीसी(IMPLANT), एवं निकालने-लगाने वाली बतीसी(DENTURES)
- आधुनिक मशीनों द्वारा दाँतों की सफाई, एवं कृत्रिम दाँत लगाना, लेज़र द्वारा दाँतों में मसाला भरना,
- मुँह न खुलने व कम खुलने का ईलाज, मुँह के छालों का ईलाज(OSMF)
- दाँतों का एक्स-रे, दाँतों की ब्लीचिंग एवं व्हाइटनिंग
- बड़ो एवं बच्चों के दांतों से सम्बंधित सभी प्रकार के समस्याओं का इलाज

**राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल**
हड्डी रोग एवं ट्रॉमा विभाग
- एक्सीडेंटल व ट्रॉमा का ईलाज , घुटने और कुल्हे की सर्जरी व प्रत्यारोपण
- हड्डी टूटने की सर्जरी , पैर और पैर की उँगलियों की सर्जरी
- सल्य विधि से स्कोलियोसिस का सर्जरी
- शोल्डर और बाजू की सर्जरी
- कमर दर्द , साइटिका एवं अर्थराइटिस का ईलाज
- गठिया, हड्डी रोग का सम्पूर्ण ईलाज, बच्चों के समस्त हड्डी रोग का ईलाज
- हड्डियों से सम्बंधित सभी ऑपरेशन एवं जटिल ऑपरेशन का ईलाज आयुष्मान भारत योजना के तहत निःशुल्क
मॉड्यूलर ऑपरेशन थियेटर,सर्जिकल आई.सी.यू., आई.सी.यू., मेल-फीमेल वार्ड, वातानुकूलित प्राइवेट एवं सेमी प्राइवेट रूम आदि.
सोनोग्राफी, एक्स-रे, सी-आर्म, पैथोलॉजी, फार्मेसी, ई.सी.जी, ई.ई.जी, इस्पाइरोमेट्री एम्बुलेंस सुविधाएँ.
आयुष्मान भारत योजना सी.एस.ई.बी. कर्मचारियों व अन्य इंश्योरेंस कंपनियों से कैशलेस सुविधा उपलब्ध
15 किलोमीटर तक एम्बुलेंस सुविधा मुफ्त भर्ती मरीज हेतु

**राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल**
स्त्री एवं प्रसूति रोग विभाग
- लेप्रोस्कोपी विधि द्वारा बच्चेदानी का ऑपरेशन, 24 घंटे नॉर्मल डिलीवरी और सीजीरियन डिलीवरी
- बार बार गर्भपात होने का ईलाज, बच्चेदानी की बंद ट्यूब को खोलना
- बच्चेदानी की सफाई, मासिक सम्बन्धी बिमारियों का ईलाज
- नसबंदी, यूरिनरी समस्याएं , अनियंत्रित रक्त स्त्राव, असामान्य तौर पर अचानक से रक्त का बहाव बढ़ जाना
- बहुत ज्यादा पसीना आना, स्तन में गठान, गर्भावस्था की सम्पूर्ण जाँच
- परिवार नियोजन सम्बन्धी सुविधाएँ, PCOD का ईलाज, सफ़ेद पानी (ल्यूकोरिया ) का ईलाज
- बच्चेदानी थैली, ओवरी के कैंसर व गठान का ईलाज
- निःसंतान दम्पत्तियों का परामर्श एवं इलाज , महिलाओं से सम्बंधित सभी बिमारियों का ईलाज एवं ऑपरेशन

जनरल सर्जरी विभाग
- पेट से सम्बंधित सारी बिमारियों का इलाज, अपेंडिक्स, गैलब्लैडर ऑपरेशन, हाइड्रोसील, बवासीर(पाईल्स),
- फिस्टुला, फिसर, आंतो की रुकावट, हार्निया ऑपरेशन, आंत-गुदा सम्बंधी ऑपरेशन,
- आंतों का फटना, वरीकोसील, पुरुष एवं महिला नसबंदी, हेमोरोइड सर्जरी, थायरॉइड सर्जरी,
- सर्कम सीज़र (खतना), ब्रेस्ट(स्तन) कैंसर, पेट एवं मुँह के कैंसर रोग सर्जरी, पित्त की थैली(गॉलब्लेडर) की पथरी का ऑपरेशन, बड़ो एवं बच्चों के समस्त ऑपरेशन
पोस्ट ऑफिस के सामने, अकलतरा रोड, बलौदा, जिला- जांजगीर चाम्पा (छ.ग.) पंजीयन हेतु न. 07817-296002, 8226056005, इमरजेंसी-7999640661

9- July- Janj-Bhoomi pg-4_Layout 1 7/9/2025 10:38 PM Page 1



## खबर संक्षेप

### गुरुपुर्णिमा पर हनुमत भंडारा का आयोजन आज

**जांजगीर-चांपा।** गुरु पूर्णिमा सनातन धर्म संस्कृति है। सनातन संस्कृति में आषाढ मास की पूणिमा को गुरु पुणिमा कहते है। धर्म ग्रंथों के अनुसार गुरु का अर्थ गु का अर्थ अंधकार या अज्ञानता रु का मतलब प्रकाश या अंधकार निरोधक अर्थात अज्ञान को हटा कर प्रकाश की ओर ले जाने वाले को गुरु कहा जाता है। गुरु की कृपा से ईश्वर का साक्षात्कार होता है। गुरु की कृपा बिना कुछ भी संम्भव नहीं है। आदिगुरु परमेंश्वर भगवान शिवजी दक्षिणामूति रुप में समस्त ऋषि मुनि को शिष्य के रुप में शिव ज्ञान प्रदान किया था। उनके स्मरण रखते हुऐ गुरु पुर्णिमा मनाया जाता है। ऐसा माना जाता है कि व्यास पूर्णिमा वेद व्यास के जन्म दिवस के रुप में मनाया जाता है। गुरु पुणिर्मा के दिन गुरु पूजन का विधान है। शिष्य अपने गुरु की प्रत्यक्ष या उनके चरण पादुका की चंदन, धूप, दीप , नैवेदय द्वारा पूजा करके गुरु द्वारा दिऐ मंत्र का जाप करते है। गुरु के सानिध्य में किया गया हर कार्य सफल होता है। गुरु पुर्णिमा पर श्री दक्षिण मुखी हनुमान मंदिर जांजगीर में दोपहर 12 बजे से हनुमान जी को गुरु मानकर भक्तगणों के द्वारा भंडारा का आयोजन किया जा रहा है।

### कृषक रत्न पुरस्कार के लिए 31 जुलाई तक आवेदन आमंत्रित

**जांजगीर-चांपा।** संचालनालय कृषि रायपुर द्वारा वर्ष 2025 के लिए डॉ. खूबचंद बघेल, कृषक रत्न पुरस्कार के लिए कृषकों से 31 जुलाई तक आवेदन आमंत्रित किए गए है। आवेदन पत्र उप संचालक कृषि व वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी कार्यालय से निःशुल्क प्राप्त कर सकते हैं। निर्धारित प्रपत्र में पूर्ण रूप से भरे हुए आवेदन पत्र को उप संचालक कृषि व वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी कार्यालय में जमा कर सकते है।

## निधन

### बेबीबाई यादव



**जांजगीर-चांपा।** सारागांव के प्रतिष्ठित नागरिक गोविंदराम यादव की धर्मपत्नी बेबी बाई यादव का 60 वर्ष की आयु में बुधवार 9 जुलाई को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार सारागांव मुक्ति धाम मे किया गया। मुखाग्नि उनके ज्येठ पुत्र संजय यादव द्वारा दी गई। उनकी अंतिम यात्रा में गांव के नागरिक भारी संख्या में शामिल हुए।

### राधेश्याम कश्यप



**जांजगीर-चांपा।** ग्राम पंचायत कमरीद के प्रतिष्ठित नागरिक राधेश्याम कश्यप का मंगलवार 8 जुलाई को निधन हो गया। वे 80 वर्ष के थे। वे अपने पीछे भरा पूरा परिवार छोड़कर चले गए। उनका अंतिम संस्कार गांव के मुक्तिधाम में किया गया। मुखाग्नि उनके ज्येष्ठ पुत्र रुद्रपाल कश्यप ने दी। उनकी अंतिम यात्रा में बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए।

### जिला स्तरीय संयुक्त परामर्शदात्री समिति की बैठक में दिए निर्देश

# सभी मांगों व सुझावों का परीक्षण कर समय सीमा में निराकरण करें सुनिश्चित : महोबे

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा



कलेक्टर जन्मेजय महोबे की अध्यक्षता में जिला स्तरीय संयुक्त परामर्शदात्री समिति की बैठक बुधवार 9 जलाई को कलेक्टर कार्यालय के सभाकक्ष में संपन्न हुई।

बैठक में अपर कलेक्टर आर के तंबोली, अपर कलेक्टर श्रीमती आराध्या राहुल कुमार सहित विभिन्न विभागों के जिला अधिकारी एवं विभिन्न कर्मचारी संगठनों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे। बैठक के दौरान कर्मचारी संघ के प्रतिनिधियों ने कर्मचारियों से जुड़े विभिन्न महत्वपूर्ण मुद्दों और मांगों की जानकारी दी। बैठक में कर्मचारियों ने समयमान, वेतनमान, पदोन्नति तथा अन्य कर्मचारी कल्याणकारी लाभों से संबंधित विषयों पर चर्चा की। कलेक्टर श्री महोबे ने उपस्थित विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी मांगों और सुझावों का परीक्षण कर निर्धारित समय-सीमा में यथोचित निराकरण सुनिश्चित करें।

कलेक्टर ने सभी जिला प्रमुखों को निर्देशित किया कि वे अपने-अपने विभागों में प्रत्येक माह एक दिवसीय बैठक आयोजित कर कर्मचारी समस्याओं का त्वरित निराकरण करें। इसके साथ ही, कर्मचारियों को आश्वासन दिया कि उनकी समस्याओं का निराकरण प्राथमिकता के आधार पर किया जाएगा। कलेक्टर ने इस दौरान सेवानिवृत्त कर्मचारियों को उनके सभी प्रकरणों का भुगतान समय सीमा में करने के निर्देश दिए।

### नवीन शासकीय महाविद्यालय में स्वीप कार्यक्रम का किया गया आयोजन



नवीन शासकीय महाविद्यालय नवागढ़ में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी जन्मेजय महोबे के निर्देशन में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य युवा मतदाताओं को अपने मताधिकार का निष्पक्ष एवं निर्भीक होकर प्रयोग करने तथा लोकतंत्र में अपने सक्रिय सहभागिता के लिए प्रेरित करना था। कार्यक्रम में छात्रों को मतदाता सूची में नाम जोड़ने तथा सुधार करने संबंधी प्रक्रिया को बताया गया तथा वोटर आई.डी प्राप्त करने की प्रक्रिया को बताया गया। छात्रों को वोटर हेल्पलाइन एप्लीकेशन तथा चुनाव प्रक्रिया के बारे में विस्तार से जानकारी प्रदान किया गया तथा यह भी बताया गया कि युवा लोकतंत्र का आधार है वह अपने वोट का प्रयोग निष्पक्ष तरीके से करें और एक जिम्मेदार नागरिक बने। कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राचार्य बी.के. पटेल, एनएसएस अधिकारी नरेंद्र गिरी, स्वीप नोडल अधिकारी शंकर लाल माथुर, डॉ. कोमल चंद्रा, वंदना टोप्पो, दिनेश मनहर, गौरी शंकर महिपाल की महत्वपूर्ण भूमिका रही। इस अवसर पर राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयं सेवक व छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

# व्यापारिक सफलता तभी पूर्ण मानी जाएगी जब वह सामाजिक उत्तरदायित्व के साथ जुड़ी हो- सुल्तानिया

### चेंबर की पहल पर लागू हुई सिंगल विंडो प्रणाली

हरिभूमि न्यूज ⏭ चांपा



कार्यक्रम में शामिल चेंबर आफ कामर्स के पदाधिकारी।

छत्तीसगढ़ चेम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज की कार्यकारिणी बैठक गत दिवस दोपहर चेंबर कार्यालय, देवीलाल व्यापार उद्योग भवन, रायपुर में सम्पन्न हुई। चेंबर अध्यक्ष सतीश थौरानी ने अपने उद्बोधन में 75 दिनों की उपलब्धियों का ब्यौरा देते हुए बताया कि चेंबर की पहल पर प्रदेश में सिंगल विंडो प्रणाली लागू हुई।

इस अवसर पर प्रदेश महामंत्री अमर सुल्तानिया ने कहा कि व्यापारिक सफलता तभी पूर्ण मानी जाएगी जब वह सामाजिक उत्तरदायित्व के साथ जुड़ी हो। अपर श्रम आयुक्त एस.एल. जांगड़े की उपस्थिति में बाल श्रम निषेध जागरूकता अभियान का शुभारंभ हुआ। उन्होंने बाल श्रम के विरुद्ध सख्त कानूनी प्रावधानों की जानकारी देते हुए सभी व्यापारियों से सहयोग की अपील की। अध्यक्ष श्री थौरानी ने अपने सम्बोधन में कहा कि भविष्य में तकनीकी जागरूकता हेतु कार्यशालाएं आयोजित की जाएंगी। चेंबर की वेबसाइट के माध्यम से अब व्यापार से जुड़े नियम-कानूनों की जानकारी भी उपलब्ध कराई जाएगी। इस अवसर पर प्रदेश महामंत्री अमर सुल्तानिया ने कहा व्यापारिक सफलता तभी पूर्ण मानी जाएगी जब वह सामाजिक उत्तरदायित्व के साथ जुड़ी हो। जहां तक व्यापारिक हितों की बात है, चेम्बर सदैव व्यापारियों की आवाज़ बनकर सरकार और नीतिगत मंचों तक उनकी बात पहुँचाता रहा है। हमारी प्राथमिकता है कि राज्य में व्यापारिक माहौल सरल, पारदर्शी और प्रगतिशील बने। इस अवसर पर महिला चेंबर का गठन कर डॉ. ईला गुप्ता को अध्यक्ष मनोनीत किया गया। वहीं, प्रदेश के पांचों संभागों के लिए कार्यकारी अध्यक्ष नियुक्त किए गए। बैठक में छत्तीसगढ़ चेम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज प्रदेश महामंत्री अमर सुल्तानिया, प्रदेश उपाध्यक्ष विशाल केडिया, प्रदेश मंत्री दीपक पालीवाल, जांजगीर अध्यक्ष मनोज अग्रवाल, अकलतरा अध्यक्ष विजय केडिया सहित प्रदेश भर के प्रमुख प्रतिनिधियों ने भाग लिया।

# श्री सत्य सत्य साई प्रेम प्रवाहिनी रथ का 15 को होगा नगर आगमन

हरिभूमि न्यूज ⏭ सक्ती



इस वर्ष यानी 2025 में श्री सत्य साई बाबा के जन्मोत्सव को शताब्दी वर्ष के रूप में मनाया जा रहा है। जिसके तहत श्री सत्य साई सेवा संगठन भारत द्वारा विभिन्न कार्यक्रम पूरे देश भर में आयोजित किये जा रहे हैं। इसी के तहत श्री सत्य साई बाबा के 100 वां जन्मोत्सव के उपलक्ष में प्रदेश में एक साई रथ भ्रमण पर है। जिसे श्री सत्य साई प्रेम प्रवाहिनी रथ का नाम दिया गया है।

इस दिव्य रथ को नगर में शुभागमन 15 जुलाई मंगलवार को होने जा रहा है। श्री सत्य साई प्रेम प्रवाहिनी रथ यात्रा के जिला प्रभारी मनोज यादव ने बतलाया कि 15 जुलाई मंगलवार को रथ का शुभ आगमन सक्ती नगर में होने जा रहा है। जिसके तैयारी में श्री सत्य साई सेवा समिति सक्ती के सभी सदस्य लगे हुए हैं यह दिव्य रथ पूरे नगर के मुख्य मार्ग जैसे नारायण सागर रोड, हटरी रोड,राम मंदिर, गुरुद्वारा, गौरव पथ रोड होते हुए कचहरी चौक पहुंचेगी उसके उपरांत कचहरी चौक से नवधा चौक शिरडी साई मंदिर होते हुए नारायण सागर रोड में साई मंगल भवन में रथ यात्रा संपन्न होगा। उसके उपरांत मोती चंद्र महाराज के समाधि स्थल पर वृहद भंडारे का आयोजन किया जाएगा। श्री सत्य साई सेवा संगठन शक्ति के संयोजक परस यादव ने बतलाया कि सत्य साई बाबा के 100 वां जन्म दिवस के उपलक्ष पर आंध्र प्रदेश के प्रशांति निलयम से 24 अप्रैल को प्रेम का प्रवाह हुआ है और भगवान के पांच दिव्य रथ देशभर के लिए रवाना हुए हैं। रथ यात्रा को सफल बनाने के लिए समिति के सदस्य विनोद खेतान दिवाकर देवांगन अमित शर्मा महेंद्र प्रधान स्वर्णिम यादव ज्ञान देवांगन योगेश देवांगन संतोष छतरी गिरधारी जायसवाल जयकुमार देवांगन जय नारायण देवांगन आलोक यादव दीपांशु देवांगन तैयारी में लगे हुए हैं। जिला कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक को किया आमंत्रितश्री सत्य साई सेवा संगठन के पदाधिकारीयो ने श्री सत्य साई प्रेम प्रवाहिनी रथ के शुभ आगमन कार्यक्रम के लिए जिले के कलेक्टर अमित विकास तोपनो एवं जिला के पुलिस अधीक्षक को कार्यक्रम में आमंत्रित किया है। वही संगठन के सदस्य नगर के अन्य सामाजिक संगठन उपस्थित रहेंगे।

# संत गाडगे युवा धोबी समाज का स्नेह मिलन समारोह

हरिभूमि न्यूज ⏭ धरदेई



स्नेह सम्मेलन में उपस्थित समाज के लोग।

समाज की युवा शक्ति संत गाडगे युवा धोबी समाज सेवा समिति संभाग बिलासपुर के तत्वाधान में जिला जांजगीर चांपा के पामगढ़ ब्लॉक के अंतर्गत ग्राम धरदेई के संत माता कर्मा भवन में रविवार 6 जुलाई को स्नेह मिलन समारोह एवं जिला निर्वाचन कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

ज्ञात हो कि स्नेह सम्मेलन में बड़ी संख्या मे संभाग के अलग अलक्षेत्रों के युवा शामिल हुए। उक्त कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रहलाद रजक अध्यक्ष छत्तीसगढ़ रजककार कल्याण बोर्ड रहे। श्री रजक ने युवाओ को संबोधित करते हुए आगामी 20 जुलाई को आयोजित युवा गाडगे सम्मेलन मे उपस्थित होने आमंत्रण दिया। उक्त कार्यक्रम मे युवा संघ जिला जांजगीर चांपा का निर्वाचन कार्यक्रम संपन्न हुआ। जिसमे निर्वाचन अधिकारी के रूप मे हरप्रसाद निर्मलकर, खिलेश्वर निर्मलकर रहे, निर्वाचन मे राजेंद्र बरेठ अध्यक्ष, गीतेश बरेठ उपाध्यक्ष, अक्षय कर्ष महासचिव, बसंत बरेठ कोषाध्यक्ष, देव कर्ष प्रचार सचिव, रामकिनकर कर्ष क्रीड़ा सचिव एवं पिंटू बरेठ प्रवक्ता चुने गए ।

कार्यक्रम मे संभागीय पदाधिकारी उपस्थित रहे जिसमे अध्यक्ष लोमस बरेठ, उपाध्यक्ष पुरीराम बरेठ, महासचिव सुशील बरेठ, कोषाध्यक्ष रमेश रजक, सांस्कृतिक सचिव सहनी बरेठ, क्रीड़ा सचिव साकेत बिहारी कर्ष रहे, वही अलग अलग ब्लॉक से आये युवा बड़ी संख्या मे उपस्थित रहे जिसमे ब्लॉक अध्यक्षगण संदीप निर्मलकर, नारायण प्रसाद कर्ष, अमित कर्ष, सहनी बरेठ, राजेंद्र प्रसाद कर्ष, हर्षकांत रजक, संजय बरेठ, किशन बरेठ सहित युवा रहे । उक्त जानकारी संभागीय महासचिव सुशील बरेठ ने दी।

# मशरूम प्रशिक्षण कार्यक्रम का अवलोकन करने पहुंचे डीएमएम



प्रशिक्षण का अवलोकन करने पहुंचे डीएमएम।

**बहेराडीह।** ग्रामीण स्व रोजगार प्रशिक्षण संस्थान में दस दिवसीय मशरूम उत्पादन का प्रशिक्षण दिया गया। वहीं बिहान एनआरएलएम के डीएमएम ने प्रशिक्षण का अवलोकन किया।

ग्रामीण स्व रोजगार प्रशिक्षण संस्थान जांजगीर में दस दिवसीय मशरूम उत्पादन प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें बिहान की क्रृषि सखी और पशु सखी शामिल हुए। प्रशिक्षण कार्यक्रम का जिला पंचायत बिहान एनआरएलएम के डीएमएम उपेंद्र कुमार दुबे और रेशम लाल नामदेव ने अवलोकन किया। संस्थान के डायरेक्टर लक्ष्मीनारायण सिंकू समेत फैलेल्टी अरुण कुमार पाण्डेय, उत्तम कुमार राठौर, किशन रजक, योगेश कुमार यादव, मास्टर ट्रेनर भुवनेश्वर मांझी शामिल थे। प्रशिक्षण के अंतिम दिवस छत्तीसगढ़ राज्य आरसेटी के नियंत्रक अरुण कुमार सोनी के निर्देशन पर ईडीपी असेसर राम बसु, डोमिन असेसर चंदन साहू द्वारा असेसमेंट किया गया।

### सुन्नी मुस्लिम जमात के युवा मुनीर बने सीए



**चांपा।** स्थानीय सुन्नी मुस्लिम समाज के प्रतिष्ठित नागरिक आरिफ मेमन के सुपुत्र एवं प्रतिष्ठित व्यवसायी रफीक मेमन के भतीजे मुनीर मेमन ने चार्टर्ड एकॉउंटेट (सी. ए.) की परीक्षा प्रथम प्रयास में ही उत्तीर्ण कर समाज से पहला सी. ए. बनने का गौरव हासिल किया है। मुनीर प्रथम प्रयास में ही सी. ए. की परीक्षा में सफलता हासिल कर समाज के अन्य युवाओं के लिए प्रेरणास्त्रोत बनकर उभरे है। उनकी इस सफलता पर सुन्नी मुस्लिम इंतेजामिया कमेटी चांपा ने प्रसन्नता जाहिर करते हुए कहा है कि समाज के युवाओं को अच्छी तालीम दिलाये जाने का यह सुखद परिणाम सामने आया है।







